**किरोडीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर दो दिवसीय व्याख्यानमाला संपन्न.**

..................................

किरोडीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रायगढ में माननीय राज्यपाल एवं कुल अध्यक्ष के निर्देशानुसार महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य प्रो.डॉ.सोफिया अंब्रेला के संरक्षण एवं महाविद्यालय के राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संयोजक प्रो.डॉ.आनंद कुमार शर्मा के संयोजन में 6 एवं 7 अगस्त को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर केंद्रित दो दिवसीय व्याख्यामाला का आयोजन किया गया. 6 अगस्त को बीए, बीकॉम प्रथम सेमेस्टर एवं 7 अगस्त को बीएससी, बीसीए प्रथम सेमेस्टर के छात्र–छात्राओं के लिए यह आयोजन किया गया. सर्वप्रथम महाविद्यालय के राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संयोजक प्रोफेसर डॉक्टर आनंद कुमार शर्मा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्य, अवधारणा एवं प्रावधानों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी. उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति भारत की वर्तमान मजबूत स्थिति को ध्यान में रखकर बनाया गया है. यह नीति विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास के साथ कौशल विकास को बढावा देने में कारगर सिद्ध होगी. उन्होंने नालंदा, तक्षशिला जैसे प्राचीन विश्व प्रसिद्ध विश्वविद्यालय एवं महान गुरु शिष्य परंपरा को केंद्र में रखकर राष्ट्रीय शिक्षा नीति को वर्तमान संदर्भ में प्रस्तुत किया. डॉ. शर्मा ने इस नीति में निहित प्रावधानों को रोचक ढंग से समझाया। श्री जी.पी.बनज, सहा प्राध्यापक गणित ने पीपीटी के माध्यम से राष्ट्रीय शिक्षा नीति में प्रयुक्त शब्दावलियों, कोर्स, करिकूलम, क्रेडिट, अवधि, सतत एवं अंत सेमेस्टर मूल्यांकन के साथ समस्त बिंदुओं स्पष्ट किया । डॉ. धनेश सिंह, विभागाध्यक्ष रसायन विज्ञान ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत विद्यार्थियों की कक्षाओं के अनवरत एवं सक्रिय उपस्थिति पर जोर देते हुए विशेष रूप से विज्ञान संकाय की अध्ययन अध्यापन व्यवस्था का विस्तारपूर्वक अभिप्रेरक वर्णन किया NEP के जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर डॉ. के. सी. गुप्ता, सहायक प्राध्यापक भूगोल ने NEP के अन्य तकनीकी पहलुओं पर प्रकाश डाला अंत में विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों के प्रश्नों एवं जिज्ञासाओं का जवाब दिया। पूरा सेशन इंटरएक्टिव रहा जिसमें बडी संख्या में संबंधित कक्षाओं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की! इस सफल व्याख्यान माला के आयोजन एवं संचालन में महाविद्यालय की NEP क्रियान्वयन समिति के सभी सदस्यों सहित प्राणिशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष श्रीमती रंजना साहू, भौतिकी विभाग के विभागाध्यक्ष श्री अशोक पटेल, इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष श्री प्रताप चौधरी, अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष श्री दिनेश देवांगन एवं श्रीमती एवंती पटेल, सहा. प्राध्यापक वाणिज्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

07/08/2025
प्रो. (डॉ.) आनंद शर्मा
संयोजक, NEP

for Sophia 8/8/25
प्रो. (डॉ.) सोफिया अंब्रेला
प्राचार्य (प्र.)
कि. शास. कला एवं विज्ञान महाविद्यालय
रायगढ़ - 496001 (छ.ग.)